कार्यालय चुनाव अधिकारी, ऑल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राईवर्स फेडरेशन (रजि0),
कार्यालय :– दिल्ली सरकार वाहन चालक कल्याण समिति के ब्लाक, भूमितल, विकास भवन, नई दिल्ली–110002

Mobile- 9810346102 Mail- vinod53aggarwal@gmail.com

कमांक AIGDF/2019-20/109 दिनांक :07–01–2020

सेवा में,

श्रीमान् महासचिव महोदय
ऑल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राईवर्स फेडरेशन (रजि0),
दिल्ली सरकार वाहन चालक कल्याण समिति के ब्लाक,
भूमितल, विकास भवन, नई दिल्ली–110002

विषय :–दिनांक 04–01–2020 को हुये चुनाव की रिर्पोट ।

महोदय,

आपके पत्र दिनांक 27–11–19 के माध्यम से मुझे फेडरेशन की कार्यकारिणी का चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था । जिसकी पूर्ण रिर्पोट मूल दस्तावेजो सहित इस पत्र के साथ अग्रिम कार्यवाही हेतू संलग्न कर रहा हूँ :–

1. चुनाव सूचना दिनांक 06–01–19
2. नामांकन प्राप्त करने की तिथि को बढाने के आदेश दिनांक 20–01–19
3. दिनांक 27–12–19 तक प्राप्त नामांकन पत्रो की सूची ।
4. प्राप्त नामांकन पत्र दस ।
5. निरस्त किये गये तीन नामांकन पत्र ।
6. जांच के दौरान पाये वैद्य नामांकन पत्रो की सूची दिनांक 30–12–19
7. नामांकन पत्रो की अंतिम सूची दिनांक 02–01–2020
8. सहायक चुनाव अधिकारियों का नियुक्ति पत्र ।
9. चुनाव पर रिर्पोट दिनांक 04–01–2020
10. चुनाव में किये गये खर्चो का ब्यौरा ।

(Vinod Kumar Aggarwal)
Election Officer

महोदय, 04–01–2020 को होने वाले चुनाव के लिये मैने श्री हरविन्द्र सिहॅ की सलाह पर श्री महेश शर्मा राजस्थान को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्ति किया था जिन्होने चुनाव निर्विघन सम्पन्न कराने में मेरा सहयोग नही किया एवं बैठक में कुछ उपद्रवियों जैसे श्री संदीप मोर्या, श्री बालामुर्गन, श्री गोरकनाथ मिश्रा , श्री जयप्रकाश यादव, श्री सुरेन्द्र कुमार सिहॅ द्वारा किये गये हालिगंम और चुनाव प्रकिया को सम्पन्न किये जाने में व्यवधान उत्पन्न कराया । जिस कारण मैं बहुत दुखी हुआ और बहुत मानसिक आघात पहुॅचा इस कारण बाकी बचे हुये चुनाव से मैं अपने आप को अलग कर रहा हूॅ ।

7/1/2020

(विनोद कुमार अग्रवाल)
चुनाव अधिकारी

**(Vinod Kumar Aggarwal)**
**Election Officer**
**All India Government Driver's Federation**
**K-Block, Vikas Bhawan, New Delhi-02**

कार्यालय चुनाव अधिकारी, ऑल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राईवर्स फेडरेशन (रजि0),
कार्यालय :– दिल्ली सरकार वाहन चालक कल्याण समिति के ब्लाक, भूमितल, विकास भवन, नई दिल्ली–110002

Mobile- 9810346102 Mail- vinod53aggarwal@gmail.com

क्रमांक AIGDF/2019-20/108 दिनांक :04–01–2020

## रिर्पोट

माननीय सदस्य गण,

अद्योहस्तारकर्ता को ऑल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राईवर्स फेडरेशन (रजि0), ने पत्र सं. AIGDF/2019/597 dated 27-11-19 को फेडरेशन की कार्यकारिणी का चुनाव कराने हेतू चुनाव अधिकारी नियुक्त किया था ।

कार्यकारिणी से सलाह करने के बाद निर्णय लिया गया था कि फेडरेशन की कार्यकारिणी के चुनाव 04 जनवरी 2020 को करा लिये जाये तदानुसार मैने 06 दिसम्बर 2019 को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की थी जिसमें 04 जनवरी 2020 को विशेष आम सभा की बैठक बुलाने की सूचना एवं चुनाव कार्यक्रम की सूचना सभी सम्मानित सदस्यों को फेडरेशन की वेबसाईट www.aigdf.org, व्हाटसएप, उपलब्ध ई–मेल पता एवं फेसबुक के माध्यम से दे दी गई थी । घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 10–12–2019 से 16–12–2019 तक फेडरेशन कार्यलय से नामांकन पत्र निशुल्क वितरित किये गये थे तथा सदस्यों की सुविधा के लिये वेबसाईट ओर व्हाटसएप पर भी नामांकन पत्र उपलब्ध कराये गये थे ।

नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि तक मात्र 5 नामांकन पत्र प्राप्त हुये थे, परन्तु देश में बिगडी कानून व्यवस्था बढते हुये उपद्रव और नेट व्यवस्था बंद होने के कारण नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि 20–12–19 से बढा कर 27–12–19 अपरान्ह 02 बजे तक की गई थी । नामांकन भरने की अंतिम तिथि तक प्राप्त नामाकन पत्रों की सूची व्हाटसएप ग्रुपों में उपलब्ध करा दी गई थी जो कि निम्न प्रकार है :–

**Nomination for the post of President**

| Sl. No | Name of the candidate | State | Name of state association | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Sh Milan Raj Banshi | Nagaland | All Nagaland Govt. Drivers' Association, Nagaland | |
| 2 | Sh. Rampher Pandey | Uttar Pradesh | Rajkiya Vahan Chalak Mahasangh, Uttar Pradesh | |

(Vinod Kumar Aggarwal)
Election Officer
All India Government Driver's Federation
... Bhawan, New Delhi-02

**Nomination for the post of Secretary General**

| Sl. No | Name of the candidate | State | Name of state association | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Sh Narender Singh | Delhi | Delhi Sarkar Vahan Chalak Kalyan /samiti, Delhi | |

**Nomination for the post of Treasurer**

| Sl. No | Name of the candidate | State | Name of state association | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Sh, Naveen Kumar | Haryana | All Haryana Govt. Drivers' Association, Haryana | |

**Nomination for the post of Executive Members**

| Sl. No | Name of the candidate | State | Name of state association | Name of the Zone |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Sh. Harvinder Singh Kala | Punjab | Punjab Govt. Drivers' & Technical Employees Association, Punjab | North-West |
| 2 | Sd. Manjeeth Singh | Telangana | Telangana Govt. Drivers Central Association | South-West |
| 3 | Sh, K.IBomacha Sharma | Manipur | All Manipur Govt. Drivers & Technical Association | North-East |
| 4 | | | | South – East |

फेडरेशन ने मतदाता सूची दिनांक 30–12–2019 को सौप दी थी ।

दक्षिण पूर्व जोन से कोई नांमाकन पत्र प्राप्त नही हुआ । उतर प्रदेश से श्री विजय राम का नांमाकन कोषाध्यक्ष पद के लिये दिनांक 27–12–2019 को रात्रि में 10:47 बजे पर प्राप्त हुआं था । श्री सुरेन्द्र कुमार सिहॅ तथा श्री जयप्रकाश यादव का उतर प्रदेश से अध्यक्ष पद हेतू नामांकन दिनांक 27–12–19 को रात्रि में 10:48 एवं 10:51 बजे पर व्हाटसएप के माध्यम से मुझे प्राप्त हुये जो कि निर्धारित समय के बाद प्राप्त हुये थे और उतर प्रदेश राजकीय महासंघ द्वारा प्रेषित भी नही किये गये थे । श्री विजय राम एवं श्री सुरेन्द्र कुमार सिहॅ के नाम उतर प्रदेश राजकीय वाहन चालक महासंघ द्वारा उपलब्ध कराई गई मतदाता सूची में भी शामिल नही है । श्री जयप्रकाश यादव के नामांकन के साथ निर्धारित अमानत राशी दो हजार भी जमा नही की गई थी । श्री जयप्रकाश यादव को दिनांक 30–12–19 को दूरभाष पर सम्पर्क करने पर खुलासा किया गया कि श्री जयप्रकाश यादव ने नामांकन ही नही भरा है । श्री सुरेन्द्र कुमार सिहॅ ने एक आडियों क्लिप भी व्हाटसएप पर भेजी थी जिसको सुना गया परन्तु अंतिम तिथि के बाद नामांकन प्राप्त होने के कारण श्री विजय राम, श्री सुरेन्द्र कुमार सिहॅ एवं श्री जय प्रकाश यादव जी का नामांकन निरस्त कर दिया गया था ।

(Vinod Kumar Aggarwal)
Election Officer
...vernment Driver's Federation
...Bhawan, New Delhi-02

प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच घोषित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 30–12–19 को फेडरेशन कार्यलय में की गई जिसमें उपरोक्त दर्शाये नामांकन ठीक पाये गये ।

दिनांक 02–01–2020 को नाम वापिस लेने की अंतिम तिथि तक किसी भी उम्मीदवार अपने नाम वापिस नही लिये । अतः 02–01–2020 को उम्मीदवारो की अंतिम सूची फेडरेशन की वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई थी तथा व्हाटसएप ग्रुपो के माध्यम से भी सभी उम्मीदवार /सदस्यों को जारी कर दी गई थी ।

अतः आज दिनांक 04–01–2020 को फेडरेशन की कार्यकारिणी के चुनाव हेतू विशेष आम सभा की बैठक आयोजित की गई । बैठक का कोरम पूरा होने के बाद कार्यवाही शुरू की गई जिसमें सर्वप्रथम अध्यक्ष श्री मिलन राज वंशी जी ने अपनी कार्यकारिणी का त्याग–पत्र सौपा जिससे चुनाव प्रकिया शुरू की जा सकी ।

सर्वप्रथम प्राप्त नामांकन पत्रो के आधार पर मैं विनोद कुमार अग्रवाल, चुनाव अधिकारी श्री नरेन्द्र सिहॅ (दिल्ली) को महासचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित करता हूॅ ।

मैं विनोद कुमार अग्रवाल, चुनाव अधिकारी श्री नवीन कुमार (हरियाणा) को कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित करता हूॅ ।

मैं विनोद कुमार अग्रवाल, चुनाव अधिकारी श्री हरविन्द्र सिहॅ काला (पंजाब) को उतर पश्चिम क्षेत्र से कार्यकारिणी सदस्य पद के लिये निर्विरोध निर्वाचित घोषित करता हूॅ ।

मैं विनोद कुमार अग्रवाल, चुनाव अधिकारी श्री मंजीथ सिहॅ (तेलगांना) को दक्षिण पश्चिम क्षेत्र से कार्यकारिणी सदस्य पद के लिये निर्विरोध निर्वाचित घोषित करता हूॅ ।

मैं विनोद कुमार अग्रवाल, चुनाव अधिकारी श्री के आईबोमचा शर्मा (मणिपूर) को उतर पूर्व क्षेत्र से कार्यकारिणी सदस्य पद के लिये निर्विरोध निर्वाचित घोषित करता हूॅ ।

मैने उपस्थित सदस्यों को अध्यक्ष पद पर मतदान करने के लिये अनुरोध किया क्योकि अध्यक्ष पद दो नामांकन प्राप्त हुये थे । सभा चाहती थी मतदान के बिना आम सहमति से चुनाव सम्पन्न हो जाये, जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि 02–01–2020 । काफी शौर शराबे के बाद भी आपसी सहमति न बनने के कारण मैने उपस्थित राज्य प्रतिनिधियों एवं प्रत्याशियो से पुनः अनुरोध किया की अध्यक्ष पद के चुनाव के लिये मतदान करे । मतदान के लिये भूमितल पर

(Vinod Kumar Aggarwal)
Election Officer
...nt Driver's Federation
... New Delhi-02

चालक कक्ष में व्यवस्था की गई और मैं भी चालक कक्ष में आ कर बैठ गया । काफी देर प्रतीक्षा के बाद कोई भी राज्य प्रतिनिधि/प्रत्याशी मतदान के लिये नही आया । मैने पुनः मतदान के लिये अनुरोध किया परन्तु मतदान नही करा सका । क्योकि बैठक में अराजकता का माहौल था और कुछ भुगतान के दोषी (चालक समितियो के सदस्य)/असामाजिक/अनाधिकृत तत्वो ने माहौल को बिगाडते हुये मेरे बार–बार अनुरोध करने पर भी मतदान नही करने दिया ।

मेरे पास महासचिव पद के लिये एक नामांकन, कोषाध्यक्ष पद के लिये एक नामांकन, कार्यकारिणी सदस्यों के लिये 4 में से केवल तीन क्षेत्रो से नामांकन प्राप्त हुये थे । दक्षिण पूर्व क्षेत्र से अंतिम तिथि तक कोई नामांकन प्राप्त नही हुआ था । श्री तरूण कुमार बनर्जी (वेस्ट बंगाल) ने दक्षिण पूर्व क्षेत्र से अपना नामांकन मुझे आज बैठक के मध्य दिया जिसको स्वीकार नही किया गया और अध्यक्ष पद के लिये दो नामांकन प्राप्त हुये थे ।

चूकि बिगडे माहौल के कारण मैं फेडरेशन के अध्यक्ष पद का चुनाव पूरी कोशिश करने के बाद भी नही करा सका अतः मेरा सुझाव है कि अध्यक्ष पद पर प्राप्त नामांकन पत्रो में से कार्यकारिणी सुविधा अनुसार पुनः मतदान कराके चुनाव करा ले ।

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी से मेरा सुझाव है कि अध्यक्ष पद पर पुर्न मतदान एवं दक्षिण पूर्व क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य का चुनाव कराके अपनी कार्यकारिणी का गठन करे ।

इस रिर्पोट के साथ मैं चुनाव में किये गये खर्चे का ब्योरा भी संलग्न कर रहा हूँ ।

4/1/2020

(विनोद कुमार अग्रवाल)
चुनाव अधिकारी

दिनांक 04–01–2020

**(Vinod Kumar Aggarwal)**
**Election Officer**
**All India Government Driver's Federation**
**K-Block, Vikas Bhawan, New Delhi-02**